कैंसर के लिए सर्जरी

Surgery for Cancer – Hindi

सर्जरी का उपयोग कैंसर की रोकथाम, निदान या इलाज के लिए किया जा सकता है। इससे अतिरिक्त और जिस कारण सर्जरी की जा सकती है, वह है लक्षणों में सुधार करना या कैंसर के कारण होने वाली समस्याओं का ख्याल रखने में मदद करना। कभी कभी, कैंसर के लिए सर्जरी का उपयोग एक से अधिक कारणों से किया जा सकता है।

कैंसर के लिए सर्जरी का उपयोग कैसे किया जा सकता है?

- **कैंसर को रोकने में मदद करने के लिए:** शरीर का जो हिस्सा बढ़ गया हो या जिस हिस्से में कैंसर शुरू हो सकता है उसे हटाकर सर्जरी कुछ कैंसर को रोकने में मदद करती है।
- **कैंसर का निदान करने के लिए:** मांस-तंतु का एक छोटा सा टुकड़ा निकालने और उसका परीक्षण करने के लिए सर्जरी की जा सकती है। इसे बायोप्सी कहते हैं। अधिकांश समय, बायोप्सी करना ही यह जानने का एकमात्र तरीका होता है कि किसी व्यक्ति को कैंसर है या नहीं और उसे किस प्रकार का कैंसर है।
- **कैंसर के स्टेज का पता लगाने के लिए:** सर्जरी का उपयोग शरीर के अंगों को देखने के लिए किया जा सकता है ताकि यह पता लगाया जा सके कि कैंसर कितना है, यह फैल गया है या नही, या कितना फैल गया है।
- **कैंसर का इलाज करने के लिए:** जितना हो सके कैंसर को दूर करने के लिए सर्जरी की जा सकती है। कभी कभी, सर्जरी ही एकमात्र आवश्यक इलाज होता है। उसके अलावा अन्य समय सर्जरी से पहले या बाद में विकिरण थेरेपी या कीमोथेरेपी जैसे इलाज की आवश्यकता होगी।
- **लक्षणों में सुधार करने में मदद के लिए:** कैंसर के कारण होने वाली समस्याओं, जैसे ट्यूमर के कारण होने वाले दर्द या दबाव के इलाज के लिए सर्जरी का उपयोग किया जा सकता है।

सर्जरी के लिए तैयार होना

सर्जरी के लिए तैयार होने के लिए आपको कुछ चीजें करने की आवश्यकता हो सकती है:

- अपनी कैंसर की देखभाल टीम को उन सभी दवाओं, विटामिनों या पूरक आहारों के बारे में बताएं जो आप ले रहे हैं। आपको इनके बारे में अपनी सर्जरी टीम को भी बताना होगा। वे आपको सर्जरी से पहले उनमें से कुछ को लेना बंद करने के लिए कह सकते हैं।
- आपको सर्जरी से पहले कुछ रक्त परीक्षण, एक्स-रे जैसे इमेजिंग परीक्षण, या अन्य परीक्षण कराने की आवश्यकता हो सकती है।
- आपको सर्जरी से पहले कुछ समय के लिए खाना-पीना बंद करने के लिए कहा जा सकता है।
- सर्जरी से पहले अपने आंतों को खाली करने में मदद करने के लिए आपको दवाएं दी जा सकती हैं।
- सर्जरी से पहले आपको स्नान करने या अपनी त्वचा को साफ करने के लिए विशेष निर्देश दिए जा सकते हैं।

सर्जरी के दुष्प्रभाव

दुष्प्रभाव इस बात पर निर्भर करते हैं कि किस प्रकार की सर्जरी की जाती है। सबसे आम दुष्प्रभाव शरीर के उस क्षेत्र में होते हैं जहां सर्जरी की गई थी, जैसे:

- दर्द (यह बहुत आम है)
- संक्रमण
- खून बहना
- पपड़ी या निशान

अन्य दुष्प्रभावों में शामिल हो सकते हैं:

- रक्त के थक्के
- मितली अथवा उलटी
- त्वचा, आस-पास के मांस-तंतु, या शरीर के अन्य अंगों का नुकसान

पूछे जाने वाले प्रश्न

यहाँ कुछ प्रश्न दिए गए हैं जो आप अपने डॉक्टर और स्वास्थ्य का देखभाल करने वाली टीम से पूछ सकते हैं:

- मुझे इस सर्जरी की आवश्यकता क्यों है?
- इस सर्जरी के जोखिम क्या हैं?
- क्या सर्जरी से पहले मुझे कोई विशेष काम करने की ज़रूरत है?
- क्या मैं सर्जरी से पहले और बाद में अपनी सामान्य दवाएं और सप्लीमेंट लेना जारी रख सकता हूं?
- सर्जरी में कितना समय लगेगा?
- सर्जरी कहां की जाएगी और मुझे वहां कितने समय तक रहने की आवश्यकता होगी?
- क्या मुझे अन्य उपचारों की आवश्यकता है?
- सर्जरी के बाद मुझे कैसा महसूस होगा?
- मेरी सर्जरी के बाद मुझे क्या क्या दुष्प्रभाव हो सकते हैं?
- मेरे दुष्प्रभावों को कैसे मैनेज किया जाएगा और मैं उनके बारे में क्या कर सकता हूं?
- मैं सर्जरी के बाद कब खा और पी सकता हूं? मैं क्या खा या पी सकता हूँ?
- क्या मुझे सर्जरी के बाद कोई दवा लेने की आवश्यकता होगी?
- अपनी सामान्य गतिविधियों में वापस आने के लिए मुझे कितने समय तक प्रतीक्षा करनी होगी?
- क्या मेरा बीमा इस सर्जरी के लिए भुगतान करेगा? मुझे कितना भुगतान करना होगा?
- मुझे डॉक्टर को कब बुलाना चाहिए?
- मुझे डॉक्टर को दोबारा कब दिखाना चाहिए?

अपने डॉक्टर को कब कॉल करें?

यदि आप सर्जरी के बाद इनमें से कोई भी लक्षण देखते हैं तो अपने डॉक्टर या नर्स को कॉल करें:

- ऐसा तापमान जो सामान्य से अधिक हो (बुखार)। आपके डॉक्टर आपको बताएंगें कि बुखार किस तापमान पर है और आपको कब कॉल करने की आवश्यकता है।
- जहां सर्जरी की गई थी वहां से या कहीं और से खून बह रहा हो
- जहां सर्जरी की गई थी वहां का दर्द जो आपको दी गई दवा से नियंत्रित नहीं होता है
- सिरदर्द जो आपके लिए सामान्य नहीं हैं, या दर्द जो आपके पैरों, छाती या पेट में सामान्य नहीं है
- साँस लेने में कठिनाई
- पर्याप्त खाना खाने या पर्याप्त तरल पदार्थ पीने में परेशानी
- जब आप अपने मूत्राशय को खाली करते हैं तब दर्द होता है या मूत्र से बदबू आती है या मैल जैसे रंग का दिखता है
- कब्ज़ होना या अपनी आँतों को हिलाने में असमर्थ होना

कैंसर की जानकारी, दिन-प्रतिदिन की सहायता और सहयोग के लिए, अमेरिकन कैंसर सोसायटी को 1-800-227-2345 पर कॉल करें या cancer.org/surgery पर हमें ऑनलाइन पाएँ। जब भी आपको हमारी जरूरत हो, आपके लिए हम हैं।

HINDI
©2021, American Cancer Society, Inc.
No. 080806

BBB. ACCREDITED CHARITY
bbb.org/charity